हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 22 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 26 .6 डिग्री
न्यूनतम 7 .4 डिग्री

11 अद्भुत, अतुलनीय, अनुपम है भारत ...



12 कांग्रेस की गैरमौजूदगी से भाजपा को मिल रहा ...



## खबर संक्षेप

### यमुनानगरः हादसे में कैंटर चालक की मौत

**यमुनानगर।** फ्लाईओवर पर एक टैंकर से पीछे आ रहा कैंटर टकरा गया। जिसमें कैंटर चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए करनाल भिजवा दिया। एक कैंटर करनाल से पानीपत की ओर जा रहा था। रेस्ट हाउस के पास कैंटर के आगे चल रहे टैंकर ने अचानक ब्रेक मार दी। जिससे कैंटर टैंकर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैंटर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कैंटर चालक उसमें फंस गया। घटना के कैंटर चालक यमुनानगर के गांव पिलखन निवासी आशिक खान की मौत हो गई।

### पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार किया है। तेपला के नरेंद्र सिंह उर्फ निंदा ने 23 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी यश व अन्य ने उसके मामा पर जान से मारने की नीयत से हथियारों द्वारा हमला किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस को अभिषेक की तलाश थी। उसकी सूचना देने के लिए पांच हजार का ईनाम भी रखा गया था।

### चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी आकाश व शाहरूख को गिरफ्तार किया है। सुभरी के प्रदीप कुमार ने 8 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने रवेरा पैलेस साहा के पास से उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चोरों ने सूने घर को बनाया निशाना

**यमुनानगर।** चोरों ने ताले तोड़कर 90 हजार रुपये, सोने व चांदी के आभूषण तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आनंद कॉलोनी पुराना हमीदा निवासी फुमन सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कॉलोनी में ही उसकी बुआ का घर है। उसकी बुआ घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गई हुई थी। जब उसकी बुआ घर लौटी तो ताला टूटा पड़ा था और अंदर घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से 70 हजार रुपये, दो एलईडी, तीन पतीले एल्यूमिनियम, दो कढ़ाई, चांदी की पायल, सोने के टोप्स व अन्य सामान गायब मिला।

### चोरों ने नकदी और आभूषण चुराए

**यमुनानगर।** बूडिया निवासी सरोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फैक्ट्री में काम करती है। 19 फरवरी को वह घर का ताला लगाकर अपने पति के साथ फैक्ट्री में काम पर चली गई थी। शाम को जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 20 हजार रुपये, दो सोने की चेन, दो चांदी की चेन, एक जोडी पायल व अन्य आभूषण गायब मिले।

### तीन बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया

**पानीपत।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण एवं अधिकार आयोग के बाल श्रम के खिलाफ एक कदम राष्ट्रव्यापी अभियान और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशानिर्देशानुसार एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम द्वारा शिकायत मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट द्वारा सेक्टर 29, नजदीक कृष्णा गार्डन पानीपत में दुकानों पर बाल श्रम कर रहे तीन बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में पेश कर बाल देखभाल गृह भेजा गया। इस कार्रवाई में एस आई संदीप कुमार, अजय चौहान मौजूद रहे।

एचएपी मधुबन के निदेशक डॉ. अरशिंदर सिंह चावला ने कहा

# पानी बचाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी बिना पानी के जीवन का अस्तित्व नहीं

- डा. चावला मधुबन पुलिस अकादमी में भावी पीढ़ी के लिए भू-जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन विषय पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे

प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एचएपी मधुबन के निदेशक डा. अरशिंदर सिंह चावला ने कहा है कि पानी का अत्यधिक दोहन चिंता का विषय है। भावी पीढ़ियों के लिये पानी बचाना हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। खुद से शुरुआत करके दूसरों को भी पानी बचाने के लिये प्रेरित करना होगा। डा. चावला शुक्रवार को मधुबन पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम हॉल में भावी पीढ़ी के लिए भू-जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन विषय पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यशाला का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की स्थानीय भूमि एवं जल संरक्षण शाखा द्वारा किया गया।

उन्होंने रंगरूटों से अपील की कि वे खुद भी पानी का वाजिब इस्तेमाल करें और दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें। पानी के बिना जीवन का अस्तित्व नहीं है। पानी का अत्यधिक दोहन चिंता का विषय है। सरकार तो अपने स्तर पर जल संरक्षण के लिये कदम उठा ही रही है पर इसके लिये जनभागीदारी भी जरूरी है। पानी बचाने से आंतरिक संतुष्टि भी प्राप्त होगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पंचायत विभाग के पूर्व महानिदेशक बीएस मलिक ने कहा कि जल संचयन में प्लास्टिक थैलियां एक बड़ी बाधा हैं।

दुर्भाग्य की बात है कि पाबंदी के बावजूद प्लास्टिक की थैलियां धड़ल्ले से बिक रही हैं। प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिये लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि कहा जा रहा है कि अगला विश्व युद्ध पानी को लेकर होगा। उन्होंने कार्यशाला में मौजूद लोगों से अपील की कि पानी बचत की शुरूआत घर से करें। रसोई के फालतू पानी को नाली में बहाने की बजाय पेड़-पौधों व सब्जियों में डालें, ब्रुश अथवा हाथ धोते समय नल को खुला न छोड़ें, संभव हो तो नहाते समय फव्वारे की बजाय बाल्टी का प्रयोग करें, वाहन गली अथवा सडक़ पर रोजाना न धोयें, समारोहों में पानी की बोतलों का उचित इस्तेमाल करें। पानी के अधिक प्रयोग से बिजली की खपत भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि केवल कानून बनाने से काम चलने वाला नहीं, हर व्यक्ति को जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी सुरेंद्र टामक ने इस मौके पर जल संरक्षण के लिए अपनाई जा रही टपका विधि, फव्वारा विधि, यूजीपीएल, फसल विविधीकरण, डीएसआर आदि के बारे में जानकारी दी। साथ ही बताया कि जल संरक्षण के लिये करनाल ब्लाक के 41 गांवों में अटल भू जल योजना के तहत कार्य किया जा रहा है।

### प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

भू जल सहेली सम्मानित मुख्य अतिथि ने इस मौके पर रिंकू शर्मा रम्बा, अनीता रानी डबरकी पार, अनीता रानी ऊंचा समाना, उर्मिला रानी रूकनपुर, रीना शर्मा संगोहा, रीटा सैनी संगोही, निशा रानी पुंडरक, मुमताज बजीदा जाटान, शिक्षा सोहाना, बालकिशा सुभरी और सुमन खरकाली को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अटल भू-जल योजना पर वीडियो फिल्म दिखाई गई। कार्यशाला में मंडल भूमि संरक्षण अधिकारी डा. मुकेश कुमार, एक्सईएन एवं नोडल अधिकारी रणबीर सिंह, एसपी पुष्पा एचपीएस, डीएसपी गोरखपाल राणा, मुकेश यादव, कृषि निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, कमल, लख्मी चंद आदि मौजूद रहे। मंच संचालन आईईसी विशेषज्ञ राजीव शर्मा ने किया।

## हरिद्वार से गंगा जल लेकर कांवड़िये निकले



**यमुनानगर।** महाशिवरात्रि का पर्व मनाए जाने में अब मात्र चार दिन शेष बचे हैं। जिसके लिए कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर बम-बम भोले की जयकार करते हुए अपने गंतव्य पर बढ़ने लगे हैं। जिससे सड़कों पर कांवड़ियों के जयकारों से वातावरण शिवमय बनने लगा है। वहीं प्रशासन ने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए मार्गों पर कड़े इंतजाम कर दिए हैं।

### सीएम नायब सैनी करेंगे 25 को चुनावी सभाओं को संबोधित

**करनाल।** भाजपा नगर निगम चुनाव कार्यालय अग्रवाल धर्मशाला में असंध विधायक एवं भाजपा करनाल जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें नगर निगम चुनाव संचालन समिति की घोषणा की गई।जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने चुनाव समिति की घोषणा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारी से अवगत कराया।

इस मौके पर संगठन व प्रत्याशी के बीच आपसी तालमेल बनाने के लिए वार्ड स्तर पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई।उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनावी माहौल बनाने के लिए अपने व वार्ड में रहने वाले अपने समर्थकों व सभी कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा अवश्य लगाएं। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 25 फरवरी को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी करनाल में चुनावों को लेकर बड़ी जनसभाओं को संबोधित करने वाले हैं।



अंबाला। साइबर ठगी में पकड़े गए आरोपी।

### अंबालाः साइबर ठगी में चार आरोपी काबू चार मोबाइल फोन और 25 हजार जब्त

अंबाला। थाना साइबर क्राइम में दर्ज साइबर फ्रॉड के मामले में पुलिस ने चार मामलों में आरोपियों मांगी लाल, महिंद्र कुमार, जफर इकबाल उर्फ छोटू व एजाज को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपी राजस्थान व दो मेवात के रहने वाले हैं। पुलिस ने महिंद्र कुमार को 5 दिन व एजाज को दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से चार मोबाइल फोन व 25 हजार रूपये की नकदी बरामद की है। साहा के अमित कुमार ने 24 अक्तूबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने धोखाधड़ी से उसके खाते से एक बड़ी रकम साफ कर दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। एक अन्य मामले में पीडित महिला ने 11 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी आरोपी ने टेलीग्राम आईडी वीआईपी सेवाएं प्रदान करने का झांसा देकर बड़ी रकम की साइबर ठगी की है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव खांडरा में देर शाम कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव धनानी निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका दोस्त जिला कुरूक्षेत्र के गांव नखरोजपुर निवासी 20 वर्षीय हर्षजीत वीरवार को बाइक पर किसी काम से साढौरा आया था। खांडरा के पास कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे हर्षजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### पड़ोसियों ने घर में घुसकर दंपत्ति पर किया हमला

**यमुनानगर।** शहर की अशोक विहार कॉलोनी में रंजिश के चलते पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने घर में घुसकर दंपत्ति पर हमला कर दिया। महिला के पेट में चोट लगने से वह घायल हो गई। जिसको इलाज के लिए पीजीआई रैफर किया गया। जहां उसका चार माह का गर्भपात हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की अशोक विहार कॉलोनी निवासी श्याम सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका एक जनवरी को पड़ासियों आशीष, मोहित शर्मा, उर्मिला, हीना व सोनिया के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।

### खैर के पेड़ की तस्करी करने वाले कार छोड़कर हुआ फरार

**यमुनानगर।** वन विभाग की टीम ने चैकिंग के दौरान गांव असगरपुर से मारूती कार से खैर के पीस बरामद हुए। टीम को आता देखकर आरोपी खैर तस्कर कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। आरोपी खैर तस्कर जंगल से पेड़ काटकर उन्हें बेचने के लिए लेकर जा रहा था। पुलिस ने अज्ञात खैर तस्कर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वन विभाग साढौरा से असगरपुर बीट के इंचार्ज राम कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि खैर तस्कर गांव असगरपुर के जंगल से खैर के पेड़ काटकर उन्हें कार में चोरी करके ले जा रहा है।

### लूट के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत के फ्लौरा चौक पर श्रमिक से मारपीट कर मोबाइल फोन लूटने वाले एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान सागर निवासी विकास नगर, दीपक निवासी गांव सिवाह व तीसरे आरोपी की पहचान नाबालिग के रूप में हुई। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि मोबाइल लूट की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में शेख नैयर निवासी पथराहा अररिया बिहार हाल किरायेदार सेक्टर 29 पार्ट टू की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं पुलिस ने आरोपी सागर व दीपक को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### थानेदारों को तलब करेंगे : डीसी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने शुक्रवार को जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए निर्देश दिए कि जिन पुलिस थानों से संबंधित शिकायतें अगर दोबारा समाधान शिविर में आती है तो उन थानों के एसएचओ को जनता समाधान शिविर में बुलाकर पूछा जाएगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली समस्याओं का कम से कम समय में निदान करके जनता को शिविर का महत्व दिखाने का प्रयास करें। सर्वजन के हित में ये समाधान शिविर लगाये जा रहे है। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने कहा कि ये समाधान शिविर लोगों की समस्याओं के निदान के गवाह बन रहे है। सभी अधिकारियों को अपने आप पर पूर्ण भरोसा होना चाहिए। अधिकारियों द्वारा किये गए प्रयासों को जनता लंबे समय तक याद रखेगी। इस धारणा को ध्यान में रखते हुए हमें जनता की प्रति अपनी कर्तव्य का निवर्हन करना है।

### केयू यूआईईटी संस्थान के 4 विद्यार्थियों का भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान के 4 विद्यार्थियों का रक्षा तकनीकी क्षेत्र की प्रतिष्ठित नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में चयन हुआ। इन चारों विद्यार्थियों का चयन 11 लाख 50 हजार रुपये के पैकेज पर हुआ है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों एवं संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा को बधाई देते हुए कहा कि यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बडे गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यूआईईटी के तकनीकी विद्यार्थी विकसित भारत में अहम योगदान देंगे।

### आरोही स्कूल में प्रवेश परीक्षा 23 को

**पानीपत।** आरोही मॉडल सी.से.स्कूल, छाजपुर कलां में छठी, नौवी व ग्याहवीं में प्रवेश के लिए 23 फरवरी को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य हेमलता बाल्यान ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन 23 फरवरी को प्रातः 9:30 से 12:30 बजे तक किया जाएगा। सभी परीक्षार्थी परीक्षा से आधा घण्टा पहले आरोही विद्यालय मे पहुंचे। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक अपने रोल नम्बर नहीं लिए है वे आज शनिवार 22 फरवरी तक अपने रोल नम्बर विद्यालय से आकर ले लें।

### परिवार से अलग रह रहा व्यक्ति कमरे में मिला मृत

यमुनानगर। गांव झींवरहेड़ी में परिवार से अगल रह रहा व्यक्ति का शव घर में पड़ा मिला। शरीर पर चोट के निशान थे। परिजन जब उसका संस्कार करके घर लौटे तो वहां से अलमारी में रखे चार लाख रुपये, मोबाइल व छोटा हाथी गायब मिला। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या करने चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गांव झींवरहेडी निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका सगा चाचा रामकुमार अविवाहित था। वह उनके परिवार से अलग रहता था। उन्हें दो दिन अपना चाचा गांव में दिखाई नहीं दिया तो वह उसके कमरे पर गए। जहां उसका चाचा मृत पड़ा हुआ था। उसका शरीर काला पड़ गया था और दुर्गंध आ रही थी। शरीर पर चोट के निशान थे।

## पानीपतः ट्रक के नीचे आने से मां और बेटे की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में जीटी रोड पर पुलिस लाइन के सामने दिल्ली-पानीपत लेन पर ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार मां मुकेश व इसके पुत्र सन्नी निवासी गांव उदेशीपुर जिला सोनीपत को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मां बेटे के शव के लोथड़े 50 मीटर तक सड़क पर बिखर गए। मृतक सन्नी अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसके पिता की पहले मौत हो चुकी है। राहगीरों ने दोनों के शवों को चादर से ढका और इस हादसे की सूचना सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को जिला नागरिक अस्पताल में भिजवाया और शवों की शिनाख्त कर इनके परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक की धरपकड़ में जुटी है। पुलिस की जांच में पता चला कि सन्नी को लेकर मुकेश अपनी बहन संतोष निवासी गांव सिवाह से मिलने आ रही थी।

### इग्नू का दीक्षांत समारोह पांच को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्मपाल ने बताया इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के 38वें दीक्षांत समारोह का आयोजन पांच मार्च को इग्नू मुख्यालय एवं पूरे देश भर के 39 क्षेत्रीय केन्द्रों पर होने जा रहा है। उनमें से क्षेत्रीय केन्द्र करनाल भी शामिल है। दीक्षांत समारोह में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शिरकत करेंगे।

धर्म-कर्म | संतान प्राप्ति के लिए भी महाशिवरात्रि पर भगवान शंकर की करनी चाहिए पूजा अर्चना

# महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की उपासना व शिवलिंग की पूजा सर्वव्यापी व बेहद फलदायी

अभिषेक पूर्णिमा ▶▶| पिहोवा



भारतवर्ष में भगवान शिव की उपासना व शिवलिंग की पूजा सर्वव्यापी है। इसी कारण आज अधिकांश हिंदुओं के उपास्य देव भगवान शंकर ही है। भगवान शिव की ऐसी लोकप्रियता के अनेक कारण हो सकते हैं। आम आदमी इन्हें आशुतोष अर्थात थोड़े में ही प्रसन्न हो जाने वाले देवता के रूप में जानता है। अतः ऐसे देवता को कौन प्रसन्न नहीं करना चाहेगा।

### महाशिवरात्रि का व्रत दांपत्य जीवन में देता है खुशियां

श्री पृथ्वेश्वर महादेव मंदिर बड़ा शिवालय के व्यवस्थापक स्वामी महेश पुरी महाराज ने बताया कि पुराणों के अनुसार महाशिवरात्रि का व्रत एवं पूजन दांपत्य जीवन में खुशियां ही प्रदान नहीं करता बल्कि मनुष्य को सभी तरह के पापों से मुक्त कर देता है। अविवाहित युवक-युवतियां भी अपने भावी सुयोग्य जीवन साथी की प्राप्ति के लिए व्रत व पूजन करते हैं। संतान प्राप्ति के लिए भी महाशिवरात्रि पर भगवान शंकर की विधिवत पूजा अर्चना करनी चाहिए।

### चार पहर की पूजा मनोरथ पूरा करने में सक्षम

मां पीतांबरा पीठ बगलामुखी धाम धनीरामपुरा के सेवक विकल कुमार चौबे ने बताया कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की चार पहर की पूजा अर्चना का ही विधान है। अर्थात शिवरात्रि पर रात्रि में चार पहर की पूजा सभी मनोरथ पूरा करने में सक्षम है। भगवान शिव की पूजा उनकी प्रसन्नता व अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए की जाती है।

### ग्रह दोष से भी मिलती है मुक्ति

पंडित सुरेश भार्गव ने बताया की महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की मूर्ति पूजा से कही अधिक महत्वपूर्ण और फलदायी शिवलिंग की पूजा को माना गया है। इस दिन को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह अथवा शिव और शक्ति के मिलन के रूप में भी श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। महाशिवरात्रि व्रत करने से महान पुण्य की प्राप्ति के साथ-साथ व्यक्ति को ग्रह दोष से भी मुक्ति मिलती है।

### श्रद्धालुओं में उत्साह

श्री कृष्ण कृपा गोशाला समिति के अध्यक्ष एवं अग्रणी सेवादार जगदीश तनेजा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह पाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धर्म नगरी के अनेक शिव मंदिरों में त्योहारों के साथ-साथ रोजाना भी भक्तों की भारी भीड़ लगी रहना शिव प्रेमियों की भगवान शंकर के प्रति श्रद्धा व आस्था का ही प्रतीक है। शिव स्वयं कल्याणकारी हैं। सच्चा शिव भक्त भी सदैव दूसरों का हित सोचता है।

### शिव के प्रयत्न से अवतरित हुई मां गंगा

श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि कि शंकर जी को संहार का देवता कहा गया है। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव को ही माना जाता है। शिव अनादि एवं सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत है। उन्होंने कहा की जन्म से मृत्यु तक याद की जाने वाली पावन गंगा भी भगवान शंकर के प्रयत्नों से ही धरती पर अवतरित हुई।

**खबर संक्षेप**

## अमृतवाणी का पाठ और संत समागम 26 को

**तरावड़ी।** सतगुरु जगतगुरु आचार्य श्री गरीब दास जी महाराज व श्री सदगुरु कबीर साहेब जी की अमृतवाणी का पाठ व संत समागम का 26 फरवरी को श्री सदगुरू कबीर कुटिया दुर्गा कालोनी तरावड़ी मे आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संतो द्वारा कबीर जी के प्रवचनों का गुणगान किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री सदगुरु कबीर कुटिया के संचालक स्वामी रामदास महाराज जी ने बताया कि 26 फरवरी दिन बुधवार से 28 फरवरी दिन शुक्रवार तक दुर्गा कॉलोनी तरावड़ी में संत समागम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रकाश पाठ,मध्य भोग, संध्या आरती रात्रि का सत्संग व शुक्रवार को पूर्ण भोग सत्संग के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी धर्म प्रेमी पहुंचकर सत्संग का लाभ उठाएं।

## सेक्टर-13 स्थित निर्मल कुटिया के पाश शव मिला

**करनाल।** सेक्टर-13 स्थित निर्मल कुटंयिा के समीप पार्क में एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सेक्टर 13 चौकी प्रभारी विकास ने बताया कि मृतक के पास एक कागज मिला है, जिस पर रामा लिखा हुआ है। इससे अलग कोई पहचान पत्र नहीं मिला है। लोगों का कहना है कि यह व्यक्ति कई दिनों से पार्क में ही बैठा रहता था। वह निर्मल कुटिया में खाना खाता था। फिलहाल मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है।

## सुनार से झपटी सोने की अंगूठी, मामला दर्ज

**इंद्री ।** एक सुनार की दुकान से व्यक्ति सोने की अंगूठी झपट कर ले गया। दुकान मालिक ने उसे पकड़ने का प्रयास भी किया लेकिन वह हाथ नहीं आया। इंद्री थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इंद्री निवासी नंदलाल ने बताया कि उसकी बयाना गांव में सुनार की दुकान है। दुकान में 18 फरवरी की शाम को करीब चार बजे एक व्यक्ति आया। उसने कहा कि चांदी का आभूषण दिखाओ। उसने आभूषण दिखाया तो उस व्यक्ति ने उसे खरीद लिया। इसके बाद उस व्यक्ति ने कहा कि सोने की छोटी बालियां दिखाओ। इसके बाद उसने अलमारी से एक डिब्बा निकाला। जिसमें सोने की बालियां व अंगूठी थी। जैसे ही उसने वह डिब्बा खोला तो उस व्यक्ति ने डिब्बे पर झपटा मारा। आरोपी सोन की 6 ग्राम की अंगूठी उठाकर भाग गया। उसका एक साथी बाइक के साथ दुकान के बाहर खड़ा था। जब उसने उस व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया तो वह अपने साथी के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गया। बाइक की नंबर प्लेट को छुपाया गया था।

### नगर निगम ने राज्य स्तरीय कला संगम प्रतियोगिता का किया आयोजन

# कुरुक्षेत्र विवि की टीम रही प्रथम, गुरु नानक खालसा कॉलेज रहा द्वितीय

**कला संगम प्रतियोगिता उम्मीद से ज्यादा हुई सफल, शहर के सौंदर्य और स्वच्छता को मिला बढ़ावा, निगमायुक्त ने इसका श्रेय जुनूनी और समर्पित कलाकारों को दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल





करनाल के महात्मा गांधी चौक पर शुक्रवार को राज्य स्तरीय कला संगम प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। इसकी थीम महाभारत पर आधारित थी। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की 10 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त ने प्रतिभागी कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कला संगम प्रतियोगिता उम्मीद से भी ज्यादा सक्सेस हुई है। इसका श्रेय उन्होंने प्रतिभागी कलाकारों को देते हुए कहा कि यह उनकी दिनभर की गई कड़ी मेहनत का प्रतिफल है।

उन्होने कहा कि कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज की दीवार के स्पेस पर पेंटिंग बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था, लेकिन जुनूनी और समर्पित कलाकारों ने इसे यर्थाथ कर दिखाया। उन्होंने कहा कि हम इन पेंटिंग को एक धरोहर के रूप में सहेज कर रखेंगे और प्रयास रहेगा कि दोबारा भी कलाकारों को आमंत्रित कर करनाल की अन्य जगहों पर भी इस तरह का आयोजन करवाया जाए। उन्होंने कहा कि कला संगम कार्यक्रम अपने-आप में अनूठा कार्यक्रम रहा, जिसमें प्रतिभागी कलाकारों का जनून देखते ही बनता था। उन्होंने कहा कि करनाल जो कि स्मार्ट सिटी है, के सौंदर्यकरण को बढ़ावा तथा स्वच्छता के प्रति नागरिकों का ओर जुड़ाव करने के प्रति आज का आयोजन एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इससे इस शहर के सौंदर्यकरण तथा स्वच्छता में वृद्धि हुई है। दीवार पर महाभारत आधारित चित्रों को जिस तरह से पेंटिंग में उतारा गया है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि यहां से गुजरने वाले लोग इन पेंटिंग को देखकर अपने मन में करनाल की सुंदरता को बसा कर ले जाएंगे। उन्होंने कला संगम प्रतियोगिता में सम्मलित सभी प्रतिभागियों को साधुवाद दिया। कला संगम प्रतियोगिता में आई 10 टीमों का पहले रजिस्ट्रेशन किया गया। इसके बाद उन्हें ब्लॉक्स तथा पेंट व ब्रश इत्यादि पेंटिंग में इस्तेमाल होने वाला समान आबंटित किया गया। कलाकारों ने महाभारत थीम पर आधारित महारथी अर्जुन को गीता का संदेश देते श्रीकृष्ण, वृक्ष पर बैठे पक्षी की आंख को बेदते अर्जुन, मुरली बजाते श्रीकृष्ण, रथ का पहिया उठाते श्रीकृष्ण तथा ब्रह्मा, विष्णु महेश के स्वरूप को रंगो से उकेरा। प्रतियोगिता कार्यक्रम में एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार व अशोक कुमार, वरिष्ठा लेखा अधिकारी बलविन्द्र सिंह जग्गी, कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी, सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह व ऊषा रानी, सहायक सफाई निरीक्षक प्रवेश कुमार व गुलाब सिंह, सहायक मनोज मान, ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, एक्सपर्ट अंकित, मोटीवेटर टीम तथा नगर निगम के युवा स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर मौजूद रहे।

### इन कॉलेज की टीमें रही मौजूद

प्रतियोगिता में शहर के श्री गुरु नानक खालसा कॉलेज, दयाल सिंह कॉलेज, पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, केवीए डीएवी वूमेन कॉलेज, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र व भिवानी कॉलेज की संयुक्त टीमों ने भाग लिया।

### ज्यूरी में यह रहे शामिल

बतां दे कि नगर निगम आयुक्त द्वारा प्रतियोगिता के परिणाम घोषित करने के लिए अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार की अध्यक्षता में ज्यूरी का गठन किया गया था। मुख्य नगर योजनाकार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, कार्यकारी अभियंता (स्वच्छता) व मुख्य सफाऊ निरीक्षक ज्यूरी के सदस्य रहे। जजों के निरीक्षण के पश्चात निगमायुक्त ने भी सभी पेंटिंग का निरीक्षण किया और प्रतिभागी टीमों के कार्य की खूब सराहना की।

### पुरस्कार वितरण निम्न प्रकार से रहा

प्रतियोगिता में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम को 5500 रुपये का प्रथम पुरस्कार व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इनमें राहुल कुमार, संदीप, रोहित कुमार, विकास व अंकुश शामिल रहे। करनाल के गुरू नानक खालसा कॉलेज की टीम को 3100 रुपये का द्वितीय पुरस्कार व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इनमें मोनिका, तनीशा, आरती, अंकुश व अमन शामिल रहे। खास बात यह रही कि प्रतिभागियों द्वारा अच्छी पेंटिंग बनाने के चलते तृतीय पुरस्कार दो टीमों को दिया गया। इनमें एक टीम गोरव व हरप्रीत कौर की तथा दूसरी टीम आकाश, अंकुश, सुबजिंदर सिंह व राहुल कुमार की रही। दोनो टीमों को 2100-2100 रुपये तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इन टीमों में विभिन्न कॉलेज के विद्यार्थी शामिल रहे। इनके अतिरिक्त अन्य 6 टीमों को 1100-1100 रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए गए।





## खेल जीवन की कठिनाइयों से लड़ना सिखलाते हैं: विधायक

- दयाल सिंह कॉलेज में 74वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में दो दिवसीय 74वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के पूर्व छात्र एवं करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने किया। आनंद का कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आशिमा गक्खड़ और खेलकूद समिति के सदस्यों ने पुष्पमाला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत किया। बीए छठे सेमेस्टर के होनहार छात्र निखिल के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने खेल भावना को बनाए रखने और ईमानदारी से प्रतिस्पर्धा करने की शपथ भी ली। प्राचार्या डॉ. आशिमा गक्खड़ ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्यों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि खेल किसी भी शिक्षण संस्थान का अभिन्न अंग होते हैं। उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये हमारे समग्र विकास और स्वस्थ जीवनशैली को सुनिश्चित करने में मदद करते हैं। साथ ही, ये हमें अनुशासन और सामूहिक भावना से परिपूर्ण भी करते हैं। शिक्षा और खेल का मेल बड़ी सफलता प्रदान करता क्योंकि खेल भाईचारे की भावना को पैदा करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण के कार्य के लिए प्रेरित भी करते हैं। डॉ. गक्खड़ ने खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए खेल समिति को बधाई देते हुए कहा कि आपने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करने और तैयार करने के लिए बहुत प्रयास किए हैं। उन्होंने छात्रों को भविष्य में सफलता की नवीन ऊंचाइयों को छूने के लिए उत्साहित किया।

### खेल हार-जीत से परे

मुख्य अतिथि जगमोहन आनंद ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि उन्हें उनके कॉलेज में आकर और अपने छात्र जीवन को याद करके बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने दयाल सिंह कॉलेज, करनाल की शानदार विरासत पर प्रकाश डाला और कहा कि खेल हमें जीवन की कठिनाइयों से लडना सिखाते हैं। शिक्षा आज एक बड़ी आवश्यकता बन गई है, लेकिन खेलों के बिना यह अधूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मनुष्य के बौद्धिक विकास को बेहतर बनाती है, लेकिन शारीरिक और मानसिक विकास खेलों से ही संभव है। खेल हमें प्रबंधन, प्रेरणा और आत्मविश्वास के गुर सिखाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हार-जीत से परे है। जीवन भी एक खेल है, इसे खेलना जरूरी है। इसके बाद उन्होंने खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ और खेलों में बढ़-चढकर भाग लेने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (छात्र एवं छात्राओं) को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। विद्यार्थियों ने योगासनों का सुंदर प्रदर्शन कर भारतीय विरासत के महत्व को याद दिलाया। खेल विभाग के अध्यक्ष डॉ. जय कुमार की देखरेख में विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रथम दिवस की प्रतियोगिताओं में कई रोमांचक खेलों का आयोजन हुआ - 400 मीटर दौड़ (लडके), 200 मीटर दौड़ (लड़कियाँ) भाला फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## निकाय चुनाव में भाजपा की लहर

- भाजपा का परिवार लगातार हो रहा मजबूत, निकाय चुनाव में रिकॉर्ड मतों से होगी जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि नगर निगम चुनाव में भाजपा की लहर चल रही है। दूसरी पार्टियों के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवार भी भाजपा प्रत्याशियों को अपना समर्थन दे रहे हैं। करनाल नगर निगम के वार्ड नं. 20 में आजाद प्रत्याशी पवन कुमार (चुनाव निशान साइकिल) ने अपना पूर्ण समर्थन मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता एवं वार्ड 20 से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी सुधीर यादव को दिया। इस अवसर पर पवन कुमार, सज्जन सिंह, डॉ. रविन्द्र कुमार ने भी अपने सैंकडों समर्थकों के साथ भाजपा में आस्था जताते हुए भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों के साथ विजयी दिलवाने का विश्वास दिलाया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवार रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। डबल इंजन की सरकार के साथ इस चुनाव में जीत दर्ज करके ट्रिपल इंजन की सरकार आम के जनहितैशी कार्य करेगी। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव करनाल जिला में भारतीय जनता पार्टी ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। इसी तरह अब नगर निगम चुनाव में भी भाजपा के सभी उम्मीदवार विजय हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री , केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री की विकासात्मक सोच को आजमा कर देख लिया है। आज करनाल में तेज गति से विकास का पहिया आगे बढ़ रहा है। 2 मार्च को जनता कमल का फूल फिर खिलेगा।

## नगर खेड़े का स्थापना दिवस मनाया

**घरौंडा।** नगर खेड़े का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सुबह पाठ समापन होने के बाद हवन यज्ञ किया गया और एक भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को दादा खेड़े का जागरण भी किया गया। नगरखेड़े के स्थापना दिवस को लेकर लगभग सात दिन तक नगर खेड़े के प्रागंण में पाठ किए गए और नगर खेड़े की महिमा को गुणगान किया गया। शुक्रवार को पाठों का समापन किया गया। आचार्यराजेश जी ने पाठ कर नगर खेड़े का गुणगान कर श्रद्धालुओं को निहाल किया। हवन यज्ञ के बाद भंडारा किया गया। स्थापना दिवस को लेकर शहरवासियों के भारी उत्साह दिखाई दिया। शाम को हुए नगर खेड़े के जागरण में सुंदर सुंदर भजन गाए

## आयरलैंड भेजने के नाम पर 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी

- आरोपी एजेंट ने 35 दिन में वीजा लगवाने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

अराईपुरा गांव निवासी एक व्यक्ति के साथ आयरलैंड भेजने के नाम पर 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। आरोपी एजेंट ने 35 दिन में वीजा लगवाने का आश्वासन दिया था। घरौंडा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में अराईपुरा गांव निवास निखिल ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी मार्च 2024 में विदेश भेजने वाले एजेंट सुखजिंद्र से हुई थी।

सुखजिंद्र बताया था कि वह 35 दिन में आयरलैंड या फिनलैंड का वीजा लगवा सकता है। इसके बाद सुखजिंद्र ने गुरविन्द्र और उसकी पत्नी रूपिन्दर कौर से उसकी करवाई। उन्होंने आयरलैंड का 30 लाख रुपये का खर्च बताया। वह उनकी बातों में आ गया। आरोपियों ने उसके दस्तावेज ले लिए। अलग अलग समय में उसने आरोपियों को 30 लाख रुपये दे दिए। कुछ दिनों बाद आरोपियों ने उसे ऑफर लेटर और वीजा की पीडीएफ भेजी गई। आरोपियों ने 22 मई 2024 को उसके पास एक टिकट भेजी गई, जो 28 जून 2024 की थी। 26 जून को आरोपियों ने फोर कर कहा कि 28 जून की टिकट रद्द हो गई है। इसके बाद वे बार-बार टिकट टालते रहे, जिससे उसे शक हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हो गई है। उसने जब ऑफर लेटर और वीजा की जांच एम्बेसी से करवाई, तो दस्तावेज पूरी तरह फर्जी पाए गए। टिकट भी नकली निकली। जब वह आरोपियों से रुपये मांगने लगा तो वह उसे धमकी देने लगे।

घरौंडा थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि निखिल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले से संबंधित दस्तावेज निखिल से लिए जाएंगे और जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## भाजपा चुनाव को हल्के में नहीं लेती: राणा

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

भाजपा नगर निगम चुनाव कार्यालय अग्रवाल धर्मशाला में असंध विधायक एवं भाजपा करनाल जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें नगर निगम चुनाव संचालन समिति की घोषणा की गई।

इस मौके पर उनके जन्मदिन एवं शादी की साल गिरोह पर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य तौर पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, मेयर प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता, भाजपा कार्यकारिणी सदस्य यशपाल ठाकुर,अशोक भंडारी, अमर नाथ सौदा, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, पूर्व विधायक रमेश कश्यप,जिला महामंत्री सुनील गोयल आदि मौजूद रहे। इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ने सभी से अधिक से अधिक मतदान करवाने की अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव आप लड़ रहे हैं और इसमें होने वाली जीत भी आपकी ही होगी। विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी मिली है उसे बखूबी निभाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेती।

## जरूरतमंद और गरीब की सहायता करना मानवता का सच्चा धर्म: योगेश मिड्डा

- सामाजिक कार्यों में मिलजुल कर सहयोग करना चाहिए : योगेश

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

जरूरतमंद और गरीब की सहायता करना है और मानवता का सच्चा धर्म है। यह विचार भारत विकास परिषद न शाखा तरावड़ी के अध्यक्ष योगेश मिड्डा ने शुक्रवार वार्ड नंबर 2 खटीक महोल्ला में पहुंचकर नरेन्द्र पाल की बेटी दीपा को परिषद की कन्या शगुन योजना के तहत शगुन और आशीर्वाद दिया। गौरतलब है कि उनकी पूरी टीम द्वारा समय-समय पर आर्थिक क रूप से कमजोर एवं गरीब कन्याओं के विवाह में शगुन दिया जाता है। इस मुहिम के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं को शगुन देकर सहायता की जाती है। इसी कड़ी में परिषद सैकड़ों परिवारों की सहायता कर चुकी हैं। जानकारी देते हुए परिषद के अध्यक्ष योगेश मिड्डा ने कहा कि जिन भी परिवारों से कार्ड आते है परिषद की ओर से उनकी शगुन रूपी सहायता करते हैं। उन्होंने नव विवाहित जोड़े के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में सभी को मिलजुल कर सहयोग करना चाहिए। वास्तव में मानवता की सेवा करना ही हम सभी का सच्चा धर्म है।



**तरावड़ी।** कन्या शगुन देते भाविपा के अध्यक्ष योगेश मिडडा, मोहित चौधरी व सदस्य।

### संतों की वाणी से मोक्ष की प्राप्ति में मिलती है मदद

# राम मंदिर एवं सरस्वती मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

श्री रामचरित मानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल वसंत विहार में श्री राम मंदिर एवं सरस्वती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन किया गया । इस अवसर पर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न संपन्न की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रताप जी हरियाणा राष्ट्रीय स्वयंसेवक के संघ संचालक एवं इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्कूल प्रबंधक संदीप गौतम ने मंदिर का निर्माण करके स्कूल में बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को धार्मिक एवं संस्कारवान वातावरण दिया जाता है, जिससे बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। उनकी ईश्वर के प्रति आस्था उत्पन्न होती है। जो अभिभावक अपने बच्चों को ऐसे स्कूलों में पढ़ा रहे हैं उनके बच्चे एक अच्छे नागरिक बनेंगे। विद्यालय प्रधानाध्यापक संदीप गौतम ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सभी को राम मंदिर बनने की बधाई दी। कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार से आई संगीत टोली ने भजन-कीर्तन और सत्संग से सब का मन मोह लिया। स्कूल विद्यार्थियों ने भी सरस्वती वंदना राम स्तुति एवं गुरु वंदना प्रस्तुत की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विद्यालय में इस धार्मिक और शैक्षिक आयोजन से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार हुआ, जिससे वे संस्कार और शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर सत्य प्रकाश गौतम, स्कूल प्रबंधक संदीप गौतम, गायत्री परिवार के सभी सदस्य रामदत्त शर्मा, शिवचरण शर्मा, सुभाष मुदगिल, सतीश गौतम व अखिलेश गौतम आदि मौजूद रहे।

### रामलीला मैदान में फूल सिंह नौटंकी सांग का मंचन किया

**करनाल।** श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में आयोजित सांग उत्सव में शुक्रवार को फूल सिंह नौटंकी सांग का मंचन किया गया। सांगी मोहम्मद मीर और उनकी टीम ने दर्शाया कि सालकोट में राजा गजे सिंह राज किया करते थे। उनके दो पुत्र भूप सिंह और फूल सिंह थे। भूप सिंह का विवाह हो चुका था, जबकि फूल सिंह की शादी नहीं हुई थी। फूल सिंह का एक मित्र कुंदनमल था, जिसका विवाह मुलतान शहर में हुआ था। मुलतान शहर के राजा कर्ण सिंह थे। कर्ण सिंह की लडकी का नाम नौटंकी था, जोकि खूबसूरत थी। कुंदनमल की धर्मपत्नी भूप सिंह की पत्नी को समझाती है कि फूल सिंह की शादी नौटंकी से करवाई जाए। एक दिन फूल सिंह सिंह जब शिकार खेलकर वापस आता है तो उसकी भाभी पानी नहीं पिलाती और ताना मारती है कि पानी पीना है तो नौटंकी के हाथ का ही पीना है। इसके बाद फूल सिंह नौटंकी को विवाह करके ले आता है।

### राम नाम का जाप करने वाला भाग्यशाली

**करनाल।** श्री कृष्ण मंदिर काछवा में श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 26 फरवरी तक किया जाएगा। शुक्रवार को कथा सुनाते हुए साध्वी विभानंद जी सरस्वती ने कहा कि वह मनुष्य भाग्यशाली है, जिसने श्री राम की कथा में भाग लेकर राम नाम का जाप किया। राम नाम का जाप चमत्कारिक अनुभूति देता है। जिसने भी राम नाम का जाप किया, उसका उद्धार अवश्य हुआ। भगवान को प्राप्त करने के कई तरीके हो सकते हैं, लेकिन इनमें सबसे सरल व श्रेष्ठ भगवान के नाम का सुमिरन माना गया है। उन्होंने कहा कि मानव जन्म बहुत मुश्किल से मिलता है, अगर मनुष्य जीवन में पुण्य कार्य किए हैं तो दोबारा भी मानव जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि संतों की वाणी से मोक्ष की प्राप्ति होती है, बशर्ते सच्चे मन व ध्यान से इसका सिमरन किया हो। साध्वी विभानंद ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री राम के भजन गाए गए। कथा के अन्तर्गत प्रभु श्री राम के

**ई-नीलामी सूचना क्षतिग्रस्त एंगल्स और सीजीआई शीट्स**

मै. शक्ति फूड ऑयल प्रा. लि. से सम्बन्धित "I) लगभग 30 एमटी के क्षतिग्रस्त एंगल्स और II) सीजीआई शैड्स के मलबे हेतु "जैसा है जहां है" आधार पर, 'प्रति कि.ग्रा. आधार' पर ही निपटान के लिए इच्छुक खरीददारों से ई-नीलामी प्रपत्र आमंत्रित किए जाते हैं, उपरोक्त सामग्रियों के मलबे का निरीक्षण श्री राजू फोन : 99103 55611 से पूर्व अनुमति लेने के पश्चात गांव दानोली, तहसील असंध, जिला करनाल, हरियाणा-132039 में 24.02.2025 से 04.03.2025 के बीच किया जा सकता है। ई-नीलामी का आयोजन 24.02.2025 को किया जाएगा। ई-नीलामी प्रपत्रों हेतु

**सैल्वॉर सैटलर्स प्राईवेट लिमिटेड (नीलामकर्ता)**
पता : 203, द्वितीय तल, ऊषा किरण बिल्डिंग, आजादपुर कमर्शियल कॉम्पलैक्स, दिल्ली-110033

की सुश्री खुशी से मो.:- 9990857386 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : www.salvorsettlers.com से डाउनलोड करें

**ई-नीलामी प्रपत्र जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि 04.03.2025 को अप. 12.30 बजे से पूर्व है।**

## खबर संक्षेप

### गांव छिछडाना से गहने लेकर महिला लापता

**पानीपत।** पानीपत के गांव छिछडाना से एक महिला अपनी तीन साल की बेटी के साथ लापता हो गई। विवाहिता अपने घर से नकदी और गहने भी साथ ले गई। परिजनों ने दोनों की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन दोनों का सुराग नहीं लगा। इधर, पति ने पत्नी के लापता होने की शिकायत थाना मतलौड़ा में दर्ज कराई है। पुलिस ने मां व बेटी की तलाश शुरू कर दी है।

### नगदी लेकर विवाहिता लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव उंटला निवासी महिला अपनी दो छोटी बेटियों को घर पर ही छोड़कर लापता हा गई। महिला अपने साथ घर में रखे गहने और पैसे भी ले गई। पति ने अपनी पत्नी की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। इधर, पति की शिकायत पर थर्मल पुलिस चौकी ने विवाहिता के लापता होने का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस ने शराब तस्कर पकड़े

**पानीपत।** थाना सिटी पुलिस ने अशोक पुत्र आत्म प्रकाश निवासी पचरंगा बाजार व थाना किला पुलिस की टीम ने कुटानी रोड दलबीर नगर में घर में अवैध रूप से शराब बेच रहे पवन पुत्र रामधन निवासी दुभेटा सोनीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों पर जहां केस दर्ज किया, वहीं इनके पास से 57 बोतल अवैध देसी, अंग्रेजी शराब व 1800 रूपए कैश बरामद किए है।

### जुआ खेलते तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस की टीम ने सट्टेबाजी के आरोप में फतेहचंद निवासी वधावाराम कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। जबकि थाना शहर पुलिस टीम ने जुआ खेलते हुए आकाश निवासी शास्त्री कॉलोनी व सोनू निवासी खटीक बस्ती को गिरफ्तार किया और आरोपियों के पास से 3430 रुपये की नगदी बरामद की। वहीं, आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में गेम्बलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### कट्टरता को त्यागे नागरिक

**पानीपत।** आर्ट आफ लिविंग की हरियाणा स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान ने बताया कि जींद में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर व जैन धर्म के गुरुदेव श्री नरेश चंद्र का पावन मिलन हुआ। दोनों गुरुओं ने धर्म पर चर्चा की व उपस्थित जनसमूह को संदेश देते हुए कहा कि धर्म में कट्टरता नहीं होनी चाहिए। सभी धर्म अपने अपने हिसाब से ठीक हैं। वहीं, जैन स्थानक पहुंचने पर जैन समाज द्वारा गुरुदेव का पगड़ी व दुशाला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया।

### राम नाम ही सत्य है : कौशल

**समालखा।** श्री श्याम फाल्गुनोत्सव मे श्रीराम कथा करते हुए आचार्य विजय कौशल महाराज ने बताया कि रामचरित मानस में सिर्फ 27 चौपाई ही ऐसी हैं जिसमें श्रीराम का नाम नहीं है बाकि सम्पूर्ण मानस राम नाम से भरी पड़ी है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण करने के साथ साथ गायन जरूरी है। क्योंकि कथा तो एक कान से सुनकर दूसरे से निकल जाती है। जबकि गायन से भजन हो जाता है।

### एड्स के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल कन्या महाविद्यालय सिवाह मे वाईआरसी के अंतर्गत रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एचआईवी एड्स के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर रवि भोला, एचआईवी एड्स काउंसलर समालखा ने छात्राओं का मार्ग दर्शन किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जसमें तमन्ना ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय, आंसू ने तृतीय और एमए पॉलिटिकल साइंस द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य सुमन लता, प्रोफेसर किरण प्रोफेसर अनु प्रोफेसर रजनी आदि उपस्थित रहे।

# बार काउंसिल की अनुशासन समिति के सदस्य बने अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


अजय बत्ता

बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा ने एडवोकेट अजय बत्ता सदस्य जिला बार एसोसिएशन पानीपत को अपनी अनुशासन समिति का सह-नामित सदस्य नियुक्त किया है।

यह प्रतिष्ठित नियुक्ति उनके कानूनी कौशल, पेशेवर ईमानदारी और विधि समुदाय के नैतिक मानकों को बनाए रखने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एडवोकेट अजय बत्ता एक प्रतिष्ठित विधि विशेषज्ञ हैं, जो विभिन्न कानूनी और सामाजिक मुद्दों से जुड़े रहे हैं। अनुशासन समिति के सदस्य के रूप में, वे अधिवक्ताओं के बीच पेशेवर अनुशासन सुनिश्चित करने और विधि व्यवसाय की गरिमा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# आम ने आठ पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा की

- आप ने साफ सुथरी छवि के प्रत्याशियों को मैदान में उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आप प्रदेश प्रभारी डॉ सुशील गुप्ता, सुरेंद्र अहलावत प्रेस वार्ता करते हुए।

पानीपत नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने आठ पार्षद उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

सोमवार को सेक्टर 25 स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता व पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र अहलावत ने संयुक्त रूप से बताया कि वार्ड दो से वंशिका पाल, वार्ड तीन से दीपक बिंद्रा, वार्ड पांच से नीलम प्रणामी, वार्ड दस से संदीप प्रजापत, वार्ड 13 से प्रदीप कश्यप, वार्ड 14 से सचिन जांगड़ा, वार्ड 17 से नीलकमल पंवार, वार्ड 21 से मनोज गोयल को प्रत्याशी घोषित किया गया है। इस अवसर पर आप नेता सुखबीर मलिक, जितेंद्र जुनेजा और अजय सिंगला समेत अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। वहीं, गुप्ता ने कहा कि आप ने साफ सुथरी छवि के प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

वहीं सुरेंद्र अहलावत ने दावा किया कि नगर निगम चुनाव में आप इतिहास रचने जा रही है। इस अवसर पर आप नेता प्रीतपाल खेड़ा, योगेश कौशिक, राजकुमार मुंडे आदि उपस्थित थे।

## विपक्षी दलों को मेयर व पार्षद पदों के लिए प्रत्याशी तलाशे नहीं मिल रहे

# नगर निगम चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी : लाल



पानीपत। भाजपा की चुनावी बैठक को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- भाजपा ने कोमल सैनी पर विश्वास जताते हुए उन्हें मेयर पद का उम्मीदवार बनाया

पानीपत नगर निगम के मेयर पद के लिए भाजपा की उम्मीदवार कोमल सैनी ने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया पूर्व मंत्री बनवारी लाल ने किया। वहीं उद्घाटन समारोह में प्रदेश के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शहरी विधायक प्रमोद विज, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा समेत तमाम भाजपा के नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं समेत कोमल सैनी के समर्थक भारी भीड़ के साथ एकत्रित हुए। इस मौके पर डॉक्टर बनवारी लाल ने कहा कि आने वाली 12 तारीख को पानीपत में दोबारा से बीजेपी की मेयर बनने जा रही है और 26 के 26 पार्षद भी बीजेपी के बनेंगे। उन्होंने विपक्षी दलों पर तंज कसा की हार के भय से कांग्रेस आदि दलों को ना तो मेयर पद के लिए उम्मीदवार मिल रहे है और ना ही पार्षद पदों के लिए। बता दें कि कोमल सैनी इससे पहले नगर निगम पार्षद रह चुकी हैं व उनके ससुर रामकुमार सैनी निगम पार्षद रह चुके हैं। भाजपा ने कोमल सैनी पर विश्वास जताते हुए उन्हें मेयर पद का उम्मीदवार बनाया है। वहीं कोमल सैनी ने कहा कि अगर जनता मौका देती है तो वह लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी और शहर के विकास कार्य करवाने में अहम भूमिका निभाएगी। मेयर पद की प्रत्याशी कोमल सैनी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि। तमाम भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का उनका आशीर्वाद है वहीं तमाम जनता का उनका आशीर्वाद मिल रहा है।। वही विकास कार्यों को लेकर उन्होंने कहा आने वाले समय में ट्रिपल इंजन की सरकार विकास कार्यों की झड़ी लगा देगी। वहीं उन्होंने बताया कि 25 फरवरी को वह नामांकन करेगी जिसमें भाजपा के तमाम बड़े नेता भी मौजूद होंगे वहीं उन्होंने तमाम जनता और मीडिया से इसमें शामिल होने की अपील की है।।

## नगर निगम चुनाव को लेकर पर्यवेक्षक ने बैठक की


पानीपत। नगर निगम चुनाव पर्यवेक्षक मनीता मलिक, अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और स्वतंत्र रूप से करवाएं जाएं निगम के चुनाव : मनीता मलिक

**पानीपत।** नगर निगम चुनाव को लेकर राज्य चुनाव आयोग की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक मनीता मलिक ने शुक्रवार को उपायुक्त कैम्प कार्यालय में निगम चुनाव से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली और कहा कि चुनाव को लेकर कोई भी अधिकारी कौताही ना बरते। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और स्वतंत्र रूप से चुनाव सम्पन्न करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी चुनाव डयूटी में निभाई जाने वाली भूमिका पर विशेष ध्यान दें, यदि कोई अधिकारी और कर्मचारी चुनाव डयूटी में कौताही बरतता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा कि जिला में निगम चुनाव को लेकर रैली स्थल और पोस्टर बैनर इत्यादि लगाने के स्थान चिन्हित किए जाएं। संवेदनशील बूथों पर सभी सम्बंधित अधिकारी व्यक्तिगत दौरा करें। यही नहीं संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष चौकसी भी बरती जाए। वहीं, मलिक ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग की ओर से जो भी दिशानिर्देश जारी किए जाते हैं उन्हें समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। सभी अधिकारी और कर्मचारी आपसी तालमेल से काम करें। चुनाव के दौरान यदि किसी भी अधिकारी को दिक्कत आती है तो वह रिर्टनिंग अधिकारी से सम्पर्क करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि चुनाव डयूटी में लगे सभी अधिकारी ईमानदारी से चुनाव सम्पन्न करवाएं। इस मौके पर सभी चुनाव अधिकारी उपस्थित रहे।


पानीपत। जिला सचिवालय में सुरक्षा व्यवस्था जांचते हुए पुलिस कप्तान लोकेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस कप्तान ने कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह द्वारा शुक्रवार को जिला न्यायालय व सचिवालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक सिंह ने इस दौरान न्यायालय व सचिवालय परिसर के सभी गेट का भ्रमण कर गेटों पर लगे डीएफएमडी की सक्रियता एवं एचएचएडी से की जाने वाली चेकिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरा कहा कहा लगा है, बंदी किस रास्ते से आते हैं इसकी भी जानकारी ली। एसपी सिंह ने न्यायालय में स्थापित सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कैमरों की सक्रियता व गुणवता को जांचा और संचालन की स्थिति को देखा। इसके साथ ही गार्द रूम व परिसर में कैदियों के लिए बनाए हवालात का निरीक्षण किया और तैनात पुलिसकर्मियों को कैदियों की पेशी के दौरान सावधानियां व सतर्कता बरतने सहित विभिन्न प्रकार का अभ्यास कराते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि संज्ञेय अपराध से संबंधित अभियुक्तों की पेशी के लिए विशेष रूप से सावधानी बरती जाए। न्यायालय व जिला सचिवालय परिसर की सुरक्षा प्राथमिकता है। गेट पर सतर्क व अलर्ट होकर निगरानी रखें, सभी की स्केनिंग व चेकिंग करें। इसके बाद ही परिसर में प्रवेश दिया जाए। स्केनिंग के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु बरामद होती है तो जब्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। छोटी मोटी खामियों को जल्द पूरा करें।

## विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया




**समालखा।** पानीपत पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने शुक्रवार को जौरासी खास गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं, नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी नरेंद्र सिंह ने कहा की नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नही करता है। उन्होंने कहा कि नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में पुलिस स्कूल, कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें। खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है। समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्ररित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें।

# हमारी संस्कृति की जड़ है मातृभाषा : हरिओम

- उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


समालखा। पाइट में मातृभाषा दिवस कार्यक्रम में शिकरत करते चेयरमैन हरिओम तायल आदि। फोटो :हरिभूमि

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में एप्लाइड साइंसेज एवं ह्यूमेनिटी विभाग ने अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया। विभिन्न भाषाओं की समृद्धि, सांस्कृतिक धरोहर और मातृभाषा के महत्व से रूबरू कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ.विनय खत्री ने मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शैक्षणिक और सांस्कृतिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डीन डॉ. बीबी शर्मा ने मातृभाषा को हमारी पहचान और आत्मा का प्रतीक बताया। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने कहा कि मातृभाषा हमारी संस्कृति की जड़ है। इसे संजोकर रखना हमारा कर्तव्य है। अपनी भाषा से जुड़े रहें और इसकी समृद्धि को बनाए रखें। सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य राजीव तायल व शुभम तायल ने भी विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि पंकज शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, ज्योति एवं श्वेता तायल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए, जो आकर्षण का केंद्र बने। मातृभाषा की महत्ता को दर्शाने के साथ-साथ सांस्कृतिक विविधता और एकता का भी संदेश दिया।

# आईबी कॉलेज में द मर्चेंट ऑफ वेनिस का प्रदर्शन किया

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की ओर से बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए उनके पाठ्यक्रम पर आधारित शेक्सपियर की फिल्म मर्चेंट ऑफ वेनिस का दो दिवसीय प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन 19 फरवरी को लड़कियों के लिए फिल्म का प्रदर्शन सेमिनार हॉल में किया गया व लड़कों का दूसरे दिन 20 फरवरी को स्मार्ट रूम में किया गया। 150 से अधिक विद्यार्थियों ने इस फिल्म का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मालिक द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम साहित्य को किताबों में पढ़ने के साथ-साथ देखते और सुनते भी हैं तो हम उस विषय में पारंगत हो जाते हैं। हमारा कॉलेज समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियां करता रहता है। इस अवसर पर अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने कहा कि शिक्षा को रुचिकर बनाने के लिए किताबों के साथ-साथ ऑडियो विजुअल एड्स का उपयोग भी करना चाहिए ।


पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करते हुए।

## एसडी कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से अच्छे मानसिक स्वास्थ्य विषय पर हुई कार्यशाला

# मानसिक स्वास्थ्य का सीधा असर हमारे कार्यों व रिश्तों पर पड़ता है : विनोद

विद्यार्थियों को मेंटल हेल्थ के बारे में व्यावहारिक ज्ञान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज के कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी आदि।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के मनोविज्ञान विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सिविल हॉस्पिटल पानीपत के सौजन्य से 'अच्छे मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य वक्ता विनोद देशवाल मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता सिविल हॉस्पिटल पानीपत और अमीषा ने शिरकत की और विद्यार्थियों को मेंटल हेल्थ के बारे में व्यावहारिक ज्ञान दिया। उनके साथ मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. महाश्वेता मुखर्जी ने भी विद्यार्थियों को अच्छे मानसिक स्वास्थ्य हासिल करने के टिप्स दिए। इधर, मेहमानों का का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा और डॉ. संतोष कुमारी ने किया। कार्यशाला में मनोविज्ञान विभाग के अलावा अन्य संकायों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मंच संचालन डॉ. संतोष कुमारी ने किया। कार्यशाला में हेल्थ क्विज का भी आयोजन किया गया जिसके विजेताओं को विनोद देशवाल ने सम्मानित किया। इधर, विनोद देशवाल ने कहा कि अगर हम मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं हैं तो यह हमारे काम से लेकर हमारे रिश्तों पर असर डालता है । फिर भी लोग अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते है। दिमाग भी हमारे शरीर का एक हिस्सा है और इसमें भी कोई बीमारी हो सकती है। इस स्थिति को हमें बहुत गंभीरता के साथ लेना चाहिए। वर्तमान की भाग-दौड़ और भौतिकवादी जीवन प्रणाली ने हर इंसान को अवसाद और तनाव से भरपूर जीवन जीने को मजबूर कर दिया है। इसका सबसे बुरा असर हमारे मष्तिष्क पर पड़ता है। हमें कभी खुद से दुखी या नाराज़ नहीं होना चाहिए बल्कि खुद के साथ प्यार से पेश आना चाहिए। हमें प्रत्येक दिन कम से कम 15 से 20 मिनट अपने लिए निकालने चाहिए। अपने लिए समय निकालना भी सेल्फ केयर का अटूट हिस्सा है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**हरजीत सिंह पुत्र श्री रोशन सिंह निवासी मकान नम्बर 464, सैक्टर 12, हुडा पानीपत।**
**बनाम**
जनरल पब्लिक

**अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत मरणोपरान्त वसीयतनामा पंजीकृत करने बारे नोटिस**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति जोगिन्द्र कौर धर्मपत्नी श्री स्वर्गीय श्री रोशन सिंह निवासी मकान नम्बर 464, सैक्टर 12, हुडा, पानीपत ने एक अनरजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 10-12-2021 को अपनी सम्पति की बाबत अपने पुत्रों हरजीत सिंह, जसपाल सिंह, राजिन्द्र सिंह, हरमिन्द्र सिंह पुत्रगण श्री रोशन सिंह के पक्ष में करवाई थी जिसको मरणोपरान्त पंजीकृत करवाने के लिये प्रार्थी ने मेरे कार्यालय में प्रस्तुत की है। वसीयतकर्ता श्रीमति जोगिन्द्र कौर जी की दिनांक 12-03-2022 को मृत्यु हो चुकी है। इसलिए इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत पंजीकरण होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन या कार्यालय की E-Mail ID. tehsildar.panipat@hry.nic.in के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अंदर-2 मेरे कार्यालय में पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत नियमानुसार पंजीकृत कर दी जावेगी।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 20-02-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार -कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**मनीष शर्मा सुपुत्र श्री अशोक कुमार निवासी मकान नम्बर 382/9, वीर जी स्वीटस के पास, मस्ताना चौक, पानीपत।**
**बनाम**
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मनीष शर्मा सुपुत्र श्री अशोक कुमार निवासी मकान नम्बर 382/9, वीर जी स्वीटस के पास, मस्ताना चौक, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्री अशोक कुमार सुपुत्र श्री परमानन्द की मृत्यु दिनांक 07/02/2018 को हो चुकी है। यह कि श्रीमति वन्ती देवी धर्मपत्नी श्री परमानन्द की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि श्री अशोक कुमार सुपुत्र श्री परमानन्द की मृत्यु के बाद निम्न वारिस 1. उमा रानी धर्मपत्नी 2. मनीष शर्मा 3. साहिल सुपुत्रगण 4. शिखा चानना सुपुत्री श्री अशोक कुमार सुपुत्र श्री परमानन्द है। इनके इलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। प्रार्थी के द्वारा अपने शपथ पत्र में श्री मनीष शर्मा सुपुत्र श्री अशोक कुमार मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये है। पटवारी हल्का तथा नगर पार्षद द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई हैः-

इनके इलावा श्री अशोक कुमार सुपुत्र श्री परमानन्द का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। यह कि प्रार्थी को विक्रय पत्र/अन्तरण पत्र/दान आदि दस्तावेज पंजीकरण हेतू उक्त कागजात की आवश्यकता है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्ववं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 20-02-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### भाषण प्रतियोगिता में लक्की रहा अव्वल

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज के स्टूडेंट्स ने एमडीएसडी कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस कैंप में भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को रक्तदान, आपदा प्रबंधन और समुदाय स्वास्थ्य जैसी महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज के छात्र लक्की ने पहला स्थान पाया। विजेता को सम्मानित करते हुए एमपीएन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी नितिन व शीश पाल को गिरफ्तार किया है। परिवादी कर्णजीत ने 26 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि एसडी कॉलेज गेट के बाहर से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी बंधन व सूरज को गिरफ्तार किया है। न्यू विजय नगर के भूषण कुमार ने 27 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी पप्पू व अन्य ने उससे लड़ाई-झगड़ा कर मारपीट करते हुए चोटें पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पारस ने की बुनियाद लेवल-2 परीक्षा पास

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड के कक्षा आठवीं के छात्र पारस संजीव कुमार ने बुनियाद लेवल-2 परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने छात्र को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने पारस का सम्मान करते हुए उसे उपहार भेंट किए और अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

### महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली कलशयात्रा



**नारायणगढ़।** इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर 41वें रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शंकर सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम 27 तक चलेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को नगर में रूद्र क्लश परिक्रमा का आयोजन किया गया। यह रूद्र क्लश परिक्रमा शिव मंदिर पुरानी सब्जी मंडी से आरंभ होकर नगर खेड़ा, सामान्य अस्पताल, अग्रसेन चौक से होती हुई वापिस प्राचीन शिव मंदिर पर समाप्त हुई। इसमें अनेकों महिलाएं व पुरूष सिर पर रूद्र क्लश रख कर यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। 22 से 26 फरवरी तक रोजाना सुबह नगर में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। रोजाना सुबह 8 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2 से 4 बजे तक हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

---

नगर परिषद चुनाव


**54 साल के इतिहास में पहली बार कांग्रेस बैकफुट पर**

# कांग्रेस की गैरमौजूदगी से भाजपा को मिल रहा फायदा, चित्रा की उम्मीदवार से चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- दो विस चुनावों में करारी हार से सियासी मैदान पर कांग्रेस का टूटा दम

कांग्रेस की गैरमौजूदगी से इस बार अंबाला सदर नगर परिषद का सियासी अखाड़ा खाली नजर आ रहा है। निकाय चुनाव में इस बार कांग्रेस ने न तो अध्यक्ष पद के लिए कोई उम्मीदवार मैदान में उतारा न ही सदस्य पद के लिए किसी को प्रत्याशी बनाया। 15 साल से राज्य की सत्ता से बाहर चल रही कांग्रेस का अंबाला छावनी में सूपड़ा साफ होता दिख रहा। दो विधानसभा चुनाव में तो इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशियों को अपनी जमानत बचाने के भी लाले पड़े हुए हैं। खैर निकाय चुनाव में इस बार विस चुनाव में आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने भाजपा को टक्कर देने के लिए जरुर अध्यक्ष पद समेत ज्यादातर वार्डों में अपने उम्मीदवार उतारकर मुकाबले को रोचक बनाने का प्रयास किया है।





**अंबाला।** समर्थकों के साथ प्रचार करती भाजपा प्रत्याशी स्वर्ण कौर व चित्रा समर्थक उम्मीदवार मनदीप कौर।

### तीन बार कांग्रेस और दो बार भाजपा का कब्जा

नगर परिषद अंबाला सदर का इतिहास लगभग 54 साल पुराना है। 1970 में अधिसूचित होने के बाद इस समिति के पहले सचिव केएल सेठी रहे। 1987 में अंबाला सदर नगर परिषद का गठन हुआ। पहले चुनाव में सतीश मित्तल को अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। हालांकि उनका कार्यकाल अढ़ाई साल का ही रहा। इसके बाद शिवनंदन धीर को अगले अढ़ाई साल के लिए अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। दूसरी बार 1991 में हुए नपा चुनाव में दर्शन बुद्धिराजा को अध्यक्ष बनने का मौका मिला। फिर 1995 में तीसरा चुनाव हुआ तो सुदर्शन दुआ अध्यक्ष बनीं। 2000 में चौथे चुनाव में पंडित शंकर दास को अध्यक्ष चुना गया। फिर 2005 में हुए पांचवें चुनाव में कांग्रेस की नीलम शर्मा अध्यक्ष बनी। हालांकि 2010 में नप को भंग कर दिया गया। 2013 में अंबाला सदर को नगर निगम में शामिल कर दिया। हालांकि राज्य सरकार ने 2019 में निगम को अलग करके अंबाला सदर नगर परिषद का गठन कर दिया। पिछले छह साल से यहां चुनाव नहीं हो पाए थे।

### भाजपा व चित्रा समर्थक में सीधी टक्कर

इस बार अंबाला सदर नगर परिषद का अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति की महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। भाजपा की ओर से पूर्व निगम सदस्य स्वर्ण कौर मैदान में है जबकि आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने मनदीप कौर को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसी वजह से अब स्वर्ण कौर व मनदीप कौर में अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला हो रहा है। हालांकि इससे पहले सभी निकाय चुनाव में भाजपा की टक्कर कांग्रेस से होती थी। मगर इस बार कांग्रेस ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा। कोई उम्मीदवार न होन की वजह से सभी कांग्रेसी खाली घर बैठकर निकाय चुनाव का मजा ले रहे हैं। पिछले अगर दो विधानसभा चुनावों की बात करें तो कांग्रेस प्रत्याशियों के बेहद फीके प्रदर्शन की वजह से कार्यकर्ताओं का मनोबल भी पूरी तरह से टूट चुका है। 2019 में कांग्रेस ने अंबाला छावनी विस से वैश्य समुदाय की वेणू अग्रवाल को उम्मीवार बनाया था लेकिन वे अपनी जमानत भी नहीं बचा पाई। उन्हें दस हजार से कम वोट मिले थे।

इस बार कांग्रेस की ओर से युवा नेता परविंद्र सिंह परी को मैदान में उतारा था लेकिन ये भी पंद्रह हजार वोट का आंकड़ा पार नहीं कर पाए। इसके विपरीत कांग्रेस से बागी होकर आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ी चित्रा सरवारा बेहद नजदीकी मुकाबले में चुनाव हारी। कांग्रेसी पार्टी की हार का ठीकरा चित्रा के सिर पर ही फोड़ रहे हैं। हालांकि चित्रा ने निकाय चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारकर भाजपा के सामने फिर चुनौती खड़ी कर दी है।

**1,77,590 मतदाता करेंगे फैसला**

अंबाला सदर नगर परिषद में 32 वार्ड हैं। अध्यक्ष व सभी 32 वार्ड से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला एक लाख 77 हजार 590 मतदाता करेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 91 हजार 969 और महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 613 है। जबकि अन्य 8 मतदाता भी सूची में शामिल हैं।

---

# चुनाव शांतिपूर्ण करवाना हमारी जिम्मेदारी

- एडीसी ने बैठक में अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते एडीसी।

अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह ने कहा कि जिले में निकाय चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण तरीके से करवाना हमारा दायित्व है। चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी डॉ. ब्रहमजीत शुक्रवार को अधिकारियों की एक बैठक ले रहे थे। इस मौके पर सामान्य पर्यवेक्षक वीना हुड्डा, सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. सरिता मलिक, रिटर्निंग अधिकारी दर्शन कुमार, रिटर्निंग अधिकारी बराड़ा अमित भारद्वाज, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी रजत गुलिया मौजूद रहे। एडीसी ने कहा कि चुनाव आयोग की जो भी हिदायतें है उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्य समय रहते होने सुनिश्चित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दृष्टिगत परमिशन जैसे व्हीकल, पब्लिक मीटिंग या होर्डिंग लगाने की अनुमति के लिए जो भी आवेदन हैं। उन पर नियमानुसार तुरंत कार्रवाई करनी है। इस कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। रैली व होर्डिंग लगाने के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के तहत टीमें फील्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखेंगी। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी पुलिस की टीमें तत्परता से कार्य करें। चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर चुनाव ड्यूटी से जुड़े कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है ताकि चुनाव में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। चुनाव के दिन पोलिंग पार्टियों के लिए जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए।

### अधिकारियों को दिया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

**अंबाला।** निकाय चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर शुक्रवार को मुरलीधर डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में पीठासीन , सहायक पीठासीन व पोलिंग अधिकारियों को बैच के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार, सुनील अग्निहोत्री द्वारा चुनाव से जुड़े कार्यों के बारे में व आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत तमाम कार्यों की जानकारी उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिारियों को दी गई। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम मशीन से संबंधित प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 2 मार्च को जिले में निकाय चुनाव होने हैं। चुनाव ड्यूटी से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाने का मुख्य मकसद यहीं है कि चुनाव के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

# युवाओं को देशसेवा के लिए किया प्रोत्साहित

- रंगारंग कार्यक्रमों के साथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** ट्रेनिंग कैंप के दौरान छात्र व अन्य अधिकारी।

जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन अंबाला शहर स्थित एमडीएसडी कॉलेज में किया गया। इसी कड़ी में कैंप के समापन अवसर पर नगर निगम आयुक्त ने शिरकत की। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए अन्य सभी के कैंप के सफल आयोजन करने के कार्य की सराहना की।

मुख्यअतिथि ने इस मौके पर उपस्थित युवाओं को रेड क्रॉस के सिद्धांतों पर चलकर मानव सेवा के लिए प्रेरित किया और कहा युवा देश की तरक्की का आधार है। युवाओं को नशे जैसी भयानक बीमारी से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नशे से युवा व अन्य दूर रहें, इस बारे भी विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने का काम भी करती है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस द्वारा आयोजित पांच दिवसीय शिविर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से युवाओं के साथ-साथ अन्य को महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई है।

सोसायटी सचिव विजय लक्ष्मी व उनकी टीम द्वारा सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए सराहना की।इस प्रशिक्षण शिवर में युवाओं को रेडक्रॉस की मानव कल्याण गतिविधियों बारे, प्राकृतिक आपदा के समय बचाव कार्य, प्रबंधन ,सडक़ सुरक्षा यातायात नियम, मानसिक स्वास्थ्य, समाजिक सुरक्षा, नशा मुक्ति भारत अभियान, समाज के विकास में युवाओं का योगदान, समाज सेवा की भावना को जागृत करने का प्रयास किया गया।

---

# कविता उच्चारण प्रतियोगिता में काजल ने मारी बाजी



**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय भाषा दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजाबी गिद्दा, भंगड़ा, कविता उच्चारण, भाषण, स्लोगन लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मंच संचालन पंजाबी विभाग की इंचार्ज डॉ. दलजीत कौर ने किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने सभी को शुभकामनाएँ देते हुए भाषाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाषा सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के साथ-साथ मानवीय संबंधों को मजबूत करती है। मातृभाषा व्यक्ति के संप्रेषण कौशल और राष्ट्रीयता की भावना को विकसित करने में अहम भूमिका निभाती है। अंग्रेजी विभाग की प्रो. डॉ. पूजा बैरागी ने अंग्रेजी भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। निर्णायक मंडल में डॉ. दलजीत कौर, डॉ. रितु चांदना और डॉ. पूजा बैरागी शामिल रही। कविता उच्चारण में काजल प्रथम, दीक्षा द्वितीय व अनमोलप्रीत कौर तृतीय रही भाषण प्रतियोगिता में चेष्टा ने बाजी मारी, लवलीन कौर दूसरे व अर्शदीप कौर तीसरे स्थान पर रही। निबंध लेखन में रितु पहले, सिमरन दूसरे व जश्न कौर तीसरे स्थान पर रही। स्लोगन लेखन में ज्योति ने बाजी मारी। प्रीति द्वितीय व जश्न कौर तृतीय स्थान पर रही।

# कलियुग में इंसानियत हो रही समाप्त

- ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि का धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण।

ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में गांव भड़ोग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा की देश में ही स्वयं परमपिता परमात्मा अवतरित होकर अनेक अधर्म का विनाश कर, एक सतधर्म अर्थात आदि सनातन देवी-देवता धर्म की स्थापना करते हैं। स्वयं परमात्मा की अवतरण होने के कारण ही भारत इतना उच्च है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब हमारा देश सुख-समृद्धि से संपन्न था। चारों ओर खुशहाली और निस्वार्थ प्रेम का वातावरण था। ऐसा निस्वार्थ प्रेम जो शेर व बकरी जैसे प्राणी भी इकट्ठे नदी पर जल पीते थे। यहां रहने वाले हर एक मनुष्य दैवी गुणों से संपन्न, संपूर्ण निर्विकारी व 16 कला संपूर्ण थे। यहां रहने वाले मनुष्य देवी व देवता कहलाते थे जिनकी आयु 150 वर्ष की होती थी। 8 जन्म होते थे। इन देवताओं को सूर्यवंशी कहा जाता था। इस युग की आयु थी 1250 वर्ष थी। ये थी सतयुग की बात। लेकिन सृष्टि का नियम है कि कोई भी चीज़ सदा नई नहीं रहती है वह पुरानी ज़रूर होती है। सतयुग से आया त्रेता युग। इस युग में आत्माओं की 2 कला कम हो 14 कला रह गई। उनकी आयु भी घटकर 100 वर्ष हो गयी। यहां 12 जन्म हुए और देवताएं सूर्यवंशी से बदलकर चंद्रवंशी कहलाए। ये दोनों ही युग अथाह सुख-शांति व समृद्धि से भरपूर थे। अब कलियुग में 42 जन्म है। नीचे उतरते उतरते आत्मा की कला भी समाप्त हो शून्य कला रह गई। साथ ही इंसान के अंदर इंसानियत समाप्त हो गई। जो दैवी गुणों से संपन्न देवता थे, वे ही आसुरी अवगुणों के प्रवेश के कारण असुर जैसे बन गए।

# डॉ. सीमा सिंह को 'सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र' पुरस्कार मिला



**पंचकूला।** सेक्टर-21 निवासी रणधीर सिंह की बेटी डॉ. सीमा सिंह को अमेरिका के प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्टेशन रिसर्च बोर्ड (टीआरबी) द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अमेरिका की नेशनल रिसर्च अकेडमीज के ट्रांसपोर्टेशन रिसर्च बोर्ड का वार्षिक सम्मेलन दुनियाभर से 12,000 से अधिक विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं को एक मंच पर लाता है, जो कि परिवहन के भविष्य को आकार देने वाले नए विचारों और प्रयासों पर चर्चा करते हैं। इस सम्मेलन में डॉ. सीमा के शोधपत्र को टीआरबी की 'वीमेन एंड जेंडर इन ट्रांसपोर्टेशन कमेटी' द्वारा सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार वॉशिंगटन डीसी में आयोजित सम्मेलन में प्रदान किया गया।डॉ सीमा का शोध पत्र "फ्रॉम 'वट इस जेंडर' टू 'नोट माई जॉब' : इंस्टीट्यूशनल बैरियर्स एंड ए फ्रेमवर्क टू मेनस्ट्रीम जेंडर इन ट्रांसपोर्टेशन प्लानिंग" डॉक्टोरल रिसर्च प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

---

**राजकीय महाविद्यालय में मातृभाषा दिवस मनाया**

# मातृभाषा से सामाजिक संबंध बनते हैं मजबूत

- कविता पाठ में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाल।** कविता पाठ प्रतियोगिता के विजेता छात्र।

अंबाला छावनी के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिन्दी विभाग एवं पंजाबी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को मातृभाषा के महत्व को बताते हुए कहा कि मातृभाषा सामाजिक एवं पारिवारिक संबंधों को मजबूत बनाती है। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीरु भाटिया ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में डॉक्टर सुनील कुमार मुख्य वक्ता तथा डॉक्टर बलवान सिंह (कवि) विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत इतिहास विभागाध्यक्ष डॉक्टर अतुल यादव ने की और मातृभाषा के महत्व एवं इतिहास की जानकारी दी।

इस दौरान विद्यार्थियों के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर गुलाब सिंह, डॉक्टर पूजा गोयल, डॉक्टर रविंद्र कुमार, डॉक्टर राजेश कुमार, डॉक्टर रीटा टंडन, डॉक्टर रितु रानी, डॉक्टर नीलम रानी, व डॉक्टर मनजीत कौर उपस्थित रहे।

### सेक्टर 4 की बदहाल सड़कों के लिए नपा को ठहराया जिम्मेदार

**नारायणगढ़।** सेक्टर 4 की टूटी सड़कें, ठप्प पड़ी सफाई व्यवस्था व पार्कों की बदहाली ने सरकार के सबका साथ सबका विकास के दावे की पोल खोल कर रख दी है। हुडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पूर्व महासचिव सतीश सेठी ने सेक्टर की बदहाली के लिए प्रदेश सरकार व नगरपालिका दोनों को जिम्मेवार बताया। सेठी ने कहा कि सेक्टर पालिका के वार्ड 1 व 2 में आता है। दोनों वार्डों के चुने हुए पार्षद भी सेक्टर में ही रहते हैं। सेक्टरवासियों ने कई बार चेयरपर्सन, उपचेयरपर्सन व सचिव नगरपालिका तथा एसडीएम तक को अपना दुखड़ा सुना कर मौका भी दिखाया। विधायक शैली चौधरी व मुख्यमंत्री के स्थानीय प्रतिनिधि डा. पवन सैनी को भी अपील गई। इसी के साथ पालिका पार्षदों ने मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी लाया। इन सब प्रयासों के बावजूद सेक्टर की एक भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। सेक्टर के रखरखाव को नगरपालिका को देने से पहले हुडा द्वारा सड़कों का निर्माण व रिपेयर रूटीन वर्क था । परंतु अब तो हालात यंहा तक आ पहुंचे है कि गड्ढों में सड़क कहीं नजर ही नहीं आती है। इस कारण गंभीर दुर्घटनाएं होने के बाद भी प्रशासन नींद से नहीं जागा। पहले हर दिन होने वाले सफाई जैसे कामकाज में दस कर्मचारी लगे हुए थे। अब सेक्टरवासी अपनी जेब से खर्च कर सफाई करवाने के लिए मजबूर हैं। पार्क खस्ताहाल हो चुके हैं जबकि पहले इनमे माली काम करते थे।

### स्लोगन प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

**अंबाला।** डीएवी महाविद्यालय में शुक्रवार को मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने मातृभाषा के रूप में विभिन्न भाषाओं पर विचार व्यक्त किए। विभागाध्यक्षा डॉ. रेखा शर्मा ने कहा कि मातृभाषा के माध्यम से हम अपने संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण करते हैं। इसमें महाविद्यालय के 40 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में राजेंद्र कौर ने प्रथम, रूबी ने द्वितीय, स्नेहा ने तृतीय तथा निशा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर चांद सिंह और प्रोफेसर शिवानी डावर ने निभाई। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ. रचना, डॉक्टर शर्मिला और प्रोफेसर निशा ने सहयोग दिया ।

### हवन में विद्यार्थियों ने डाली आहुतियां



**नारायणगढ़।** शुक्रवार को आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद दिवस मनाया गया । इस अवसर पर चंद्रपाल शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ हवन यज्ञ किया गया। इसमें आर्य समाज मैन बाजार के प्रधान डॉ. राजेंद्र तायल , विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विश्व बंधु गुप्ता , प्रबंधक समिति सदस्य जय भगवान , प्रधानाचार्य रजनीश शर्मा , मुख्य अध्यापिका मीनाक्षी गुप्ता तथा विद्यार्थियों ने हवन कुंड में आहुतियां डाली। गुप्ता ने विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद दिया।प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि इस बार सभी छात्र परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करके अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन करें।